# कमिश्नर वाणिज्यकर,उत्तर प्रदेश

उपस्थिति :- श्री सुनील कुमार ,कमिश्नर ,वाणिज्य कर,उ0प्र0

प्रार्थी :- श्री निर्मल सिंह सलूजा , 2- श्री एस0डी त्यागी ,3- श्री वीरेन्द्र पाल सिंह, 4-श्री प्रदीप त्यागी ।

प्रार्थना पत्र सं0 :- 7 / 2008

प्रार्थी की ओर से :- श्री निर्मल सिंह सलूजा , स्वामी फर्म सर्वश्री दीप इण्टर प्राइजेज , एफ-88 , टी0पी0नगर , लखनऊ ।

**उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश 2007 की धारा-59 के अन्तर्गत निर्णय**

1- सर्वश्री श्री निर्मल सिंह सलूजा , 2- श्री एस0डी त्यागी ,3- श्री वीरेन्द्र पाल सिंह,4-श्री प्रदीप त्यागी के द्वारा उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित करअध्यादेश 2007 की धारा-59 के अन्तर्गत दिनांक 17-1-08 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया । प्रार्थना पत्र में निम्नलिखित प्रश्न निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया है :-

**" लोहे के तार से बनी हुयी जाली पर कर की दर क्या है ? "**

2- धारा-59 के प्रार्थना पत्र पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,वाणिज्य कर, लखनऊ जोन लखनऊ से आख्या मॉगी गई जो सुनवाई के समय तक प्राप्त नहीं हुयी है।

3- धारा-59 के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु नियत तिथि 12-2-08 पर श्री निर्मल सिंह सलूजा , स्वामी फर्म उपस्थित हुये । उनके द्वारा तर्क दिया गया कि लोहे के तार से बनी हुयी जाली घरेलू उपयोग में ही आती है और यह हार्डवेयर है अत: इस पर कर की दर 4 प्रतिशत होनी चाहिए ।

4- मैनें श्री निर्मल सिंह सलूजा, स्वामी फर्म सर्वश्री दीप इण्टर प्राइजेज , एफ-88 , टी0पी0नगर , लखनऊ के तर्को को सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया । उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अध्यादेश, 2007 के अन्तर्गत जारी विज्ञप्ति संख्या- केएएनआई-2-67/X1-9(1)-08-यू0पी0-Ordi-37-2008-आर्डर -(2)-08 दिनांक 10-1-08 की अनुसूची 2 के भाग अ के क्रमांक 92 पर अंकित प्रविष्टि में हार्डवेयर पर 4 प्रतिशत की दर से करदेयता है । चूंकि लोहे के तार से बनी हुयी जाली हार्डवेयर के अन्तर्गत आती है अत: इस विज्ञप्ति के अन्तर्गत तदनुसार इस पर 4 प्रतिशत की दर से कर देय होगा ।

5- प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत धारा-59 के प्रार्थना पत्र में उल्लिखित प्रश्न का उत्तर उपरोक्तानुसार दिया जाता है

7- इस निर्णय की एक प्रति प्रार्थी को तथा एक प्रति सम्बन्धित कर-निर्धारक अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाय ।

दिनांक :: 12, फरवरी ,2008

ह0/12-12-2008

(सुनील कुमार)
कमिश्नर वाणिज्य कर ,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com